कोरूगेटेड बॉक्स के उत्पादन खर्च में 70% की वृद्धि

पटना। पिछले कुछ महीनों में उत्पादन खर्च में तीव्र वृद्धि होने से और दूसरी ओर कच्ची सामग्री की आपूर्ति अस्त-व्यस्त हो जाने से भारत का कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग संकट में पड़ गया है। उसकी मुख्य कच्ची सामग्री क्राफ्ट पेपर है। मात्र पेपर की भाव वृद्धि के कारण कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग का उत्पादन खर्च 70% बढ़ गया है। बीते 1 जनवरी से वेस्ट पेपर सहित सभी सॉलिडवेस्ट के आयात प्रतिबंध केपरिणाम का चीन की मिलें सामना कर रही हैं। इंडियन कोरूगेटेड केस मैन्युफेक्चरर्स एसो. (इकमा) के प्रमुख संदीप वाधवा ने कहा कि मांग से और चीन में आकर्षक भाव मिलने से भारतीय क्राफ्ट पेपर का उत्पादन स्थानीय बाजार के स्थान पर अन्य स्थानांतरित हो रहा है।